देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 26.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को लेकर एक्सिओम–4 मिशन आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचेगा।
- प्रदेश में अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मृत्यु, नौ अन्य घायल।
- भारत का सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह बढ़कर इस वर्ष अप्रैल में आठ अरब अस्सी करोड़ डॉलर हुआ।
- बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में आज कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी।

<u>एक्सियम–4 मिशन</u>

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ एक्सियम–4 मिशन आज दोपहर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार मिशन का भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे पहुंचना निर्धारित है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचने के साथ ही ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इस केन्द्र में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन जायेंगे। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। एक्सियम–4 मिशन में शुभांशु शुक्ला के अलावा अमरीका, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। शुभांशु शुक्ला ने कल यान के टेक ऑफ के कुछ मिनट बाद देश के लिए संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि 41 वर्ष बाद फिर अंतरिक्ष में होना अद्‌भुत अनुभव है।

वहीं भारत की जाह्नवी डांगेटी 2029 में टाइटन्स स्पेस मिशन पर जाने वाली पहली भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगी। नासा के इंटरनेशनल एयर एंड स्पेस प्रोग्राम से स्नातक जाह्नवी ने वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षण लिया है।

<u>दुर्घटना मृत्यु</u>

प्रदेश में अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में 7 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। रुद्रप्रयाग जिले के घोलतीर में आज सुबह एक टेम्पो ट्रैवलर के अलकनन्दा नदी में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में 9 लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी खोजबीन के लिये राहत और बचाव अभियान जारी है। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि अब तक आठ लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। तीन गंभीर घायलों को हेली एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है।

उधर, देहरादून जिले के कालसी–चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड के पास एक कार के खाई में गिरने से तीन युवकों की मृत्यु हो गई और एक गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ और रेस्क्यू टीम ने शवों और घायल को खाई से बाहर निकाला। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं, रूद्रप्रयाग–पोखरी मोटरमार्ग पर सन बैंड के पास कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

थाना गोद

प्रदेश शासन के गृह विभाग की ओर से नवाचारपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य के अखिल भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी अपनी प्रथम तैनाती वाले थानों को 'गोद' लेकर उन्हें आधुनिक सुविधाओं एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली के साथ "आदर्श थाना" के रूप में विकसित करेंगे। इसी क्रम में, वर्तमान में एसडीआरएफ के सेनानायक के पद पर कार्यरत अर्पण यदुवंशी ने अपनी सेवा के प्रथम तैनाती स्थल, थाना जीआरपी हरिद्वार को विधिवत 'गोद' लिया। वर्ष 2022 में श्री यदुवंशी की पहली नियुक्ति इसी थाने में हुई थी। भ्रमण के दौरान उन्होंने थाने की आधारभूत संरचना, बैरक, कार्यालय, भोजनालय और उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन किया। साथ ही पुलिसकर्मियों को नागरिकों के प्रति संवेदनशील, सहयोगी व सेवाभाव से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि थाना जीआरपी हरिद्वार को शीघ्र ही आधुनिक संसाधनों और जनसहभागिता के आधार पर "आदर्श थाना" के रूप में विकसित किया जाएगा, जो उत्तराखण्ड पुलिस की उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति का प्रतीक बनेगा।

उत्तराखंड एक्स–सर्विसेज लीग

उत्तराखंड एक्स–सर्विसेज लीग ने देहरादून के पांच प्रतिष्ठित अस्पतालों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सेना के जन संपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि ईसीएचएस लाभार्थियों के गैर आश्रित परिजन व सेवारत सशस्त्र बलों के कर्मियों के गैर आश्रित परिजन को सीजीएचएस, ईसीएचएस दरों पर ओपीडी और आईपीडी इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।

सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

देश में सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस वर्ष अप्रैल में बढ़कर आठ अरब अस्सी करोड़ डॉलर हो गया। इस वर्ष मार्च में यह पांच अरब नब्बे करोड़ डॉलर और पिछले वर्ष अप्रैल में सात अरब बीस करोड़ डॉलर था। रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन के अनुसार विनिर्माण और व्यवसाय सेवा क्षेत्र में बढोत्तरी से यह इजाफा हुआ है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में भी कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो

अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ तीव्र दौर की बारिश की संभावना जताई गई है।

<u>रेड क्रॉस सोसाइटी</u>

बागेश्वर जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में कई ग्रामीण परिवार असुरक्षित व कच्चे आवासों में रह रहे हैं। ऐसे में रेड क्रॉस सोसाइटी ने सुरक्षित आशियाना अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद परिवारों को जरूरी सामग्री वितरित की। सोसाइटी की टीम ने फटगली, सेल्टा, मगरूपरहरी और तालर गांवों में 15 प्रभावित परिवारों को तिरपाल, कंबल और किचन सेट प्रदान किए। यह सभी सामग्री आपदा की स्थिति में तात्कालिक मदद प्रदान करने के उद्देश्य से वितरित की गई। रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने बताया कि वर्षाकाल में ग्रामीणों को सबसे बड़ी चिंता सुरक्षित आश्रय और दैनिक जीवन के जरूरी संसाधनों की होती है। उनका प्रयास है कि ऐसे परिवारों को समय पर राहत पहुंचाई जाए, जिससे उन्हें कुछ राहत मिल सके।

वहीं, सोसायटी के सक्रिय सदस्य हिमांशु जोशी का कहना है कि मानवता की पीड़ा कम करना सोसायटी का पहला लक्ष्य है। आगे भी लगातार उनकी टीम गांव–गांव जाकर लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य करेगी।

<u>नशामुक्त जागरुकता अभियान</u>

नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम के तहत पौड़ी जिले में सभी थाना प्रभारियों ने थाना क्षेत्रो में आमजन के बीच जाकर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने लोगों को एकजुट होकर नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए मिलकर कदम उठाकर इस मुहिम को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोगों को अपने आस–पास किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने के लिए कहा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर राणा ने बताया की जिले में वृह्द स्तर पर नशे के खिलाफ जन–जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी कोतवाली, थाना प्रभारियों और अन्य सभी शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तहत समय–समय पर नशे के खिलाफ जन–जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।